कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/म.गां.अनु./प्रभाग–ब/अंग्रेजी माध्यम/संविदा भर्ती/66174/2022/(E File-02332-25) **दिनांकः यथा हस्ताक्षर**

उप निदेशक (महात्मा गांधी प्रकोष्ठ)/
सहायक निदेशक (महात्मा गांधी प्रकोष्ठ),
कार्यालय संयुक्त निदेशक,
स्कूल शिक्षा **(समस्त सम्भाग)।**

विषय :– ''सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2023'' के अन्तर्गत संविदा आधार पर नियुक्त सहायक अध्यापकों के सम्बन्ध में।

प्रसंग :– निदेशालय के समसंख्यक पत्र दिनांकः 12.05.2025 के संदर्भ में जिशिअ (मु.) माशि कार्यालयों से प्राप्त प्रस्तावों के संदर्भ में निदेशालय की समसंख्यक स्वीकृति दिनांकः 02.12.2025

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगान्तर्गत लेख है कि निदेशालय के प्रासंगिक पत्र दिनांकः 12.05.2025 के द्वारा उक्त संविदा भर्ती, 2023 के अन्तर्गत चयनित व आवंटित अभ्यर्थियों में से जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा द्वारा नियुक्त किये गये तथा वर्तमान में कार्यरत संविदा सहायक अध्यापकों की सूचना चाही गई थी।

उपरोक्त के संबंध में संबंधित नियोक्ता अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा द्वारा प्रेषित सूचनाओं/प्रस्तावों के आधार पर उक्त संविदा भर्ती, 2023 के अन्तर्गत वर्तमान में कार्यरत 3440 संविदा सहायक अध्यापक, जिनकी कार्य समीक्षा उपरान्त सेवाएं संतोषप्रद रही है, उनकी संविदात्मक अवधि में 01 वर्ष (सत्र 2025–26 के लिए) अभिवृद्धि किये जाने के संबंध में शासन से प्राप्त स्वीकृति पत्र दिनांकः 24.11.2025 की अनुपालना में निदेशालय के प्रासंगिक पत्र दिनांकः 02.12.2025 के द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

उपरोक्तानुसार कार्मिकवार स्वीकृति जारी किये जाने के उपरान्त अधीनस्थ कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा द्वारा दूरभाष/पत्रों के माध्यम से अवगत करवाया जा रहा है कि उक्त कार्मिकवार प्रदत्त स्वीकृति में कुछ अभ्यर्थियों के नाम भिजवाये जाने से छूट गये है तथा प्रदत्त स्वीकृति में अभ्यर्थियों के नाम/पदनाम/ विषय/प्रथम कार्यग्रहण दिनांक/विद्यालय का नाम इत्यादि सही अंकित नहीं है, जिसके कारण इन संविदा सहायक अध्यापकों की संविदात्मक अवधि में 01 वर्ष (सत्र 2025–26 के लिए) की अभिवृद्धि नहीं की जा रही है।

अतः लेख है कि आप अपने मण्डल के क्षेत्राधीन आने वाले समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा से निदेशालय स्तर से जारी स्वीकृति पत्र दिनांकः 02.12.2025 के क्रम में आवश्यक पत्राचार कर समेकित सूचना **(जिन अभ्यर्थियों के नाम निदेशालय भिजवाये जाने से छूट गये है <u>की सूचना संलग्न प्रारूप में</u> तथा उपरोक्तानुसार अन्य संशोधन के प्रस्ताव <u>पृथक से तैयार कर</u>)** इस पत्र प्राप्ति के 03 दिवस के भीतर ई–मेल आई.डी. **mggescontractual@gmail.com** पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।

साथ ही लेख है कि ऐसी गलत/अपूर्ण सूचनाएं अधीनस्थ स्तर के जिस कार्यालय/संस्था द्वारा इस कार्यालय को भिजवाई गई है उन कार्यालयों/संस्था प्रधानों के संबंधित अधिकारी/कार्मिक के विरूद्ध नियमान्तर्गत कार्यवाही कर, की गई कार्यवाही से इस कार्यालय को तत्काल अवगत करावें।

संलग्नः–प्रारूप

उप निदेशक(महात्मा गांधी विद्यालय)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. **समस्त** जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा।

उप निदेशक(महात्मा गांधी विद्यालय)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Signature Not Verified
Digitally signed by Jaideep
Designation : Deputy Director
Date: 2026.02.25 17:18:41 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20745457
eSign 1.0

कार्यालय–संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, ...

क्रमांकः **दिनांकः**

"सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2023" के अन्तर्गत चयनित व आवंटित अभ्यर्थियों में से नियुक्त किये गये व वर्तमान में कार्यरत संविदा सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम तथा सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (अंग्रेजी/विज्ञान–गणित) की सूचना निम्नानुसार प्रेषित है :–

क्र. सं.	मण्डल का नाम	जिले का नाम	**अभ्यर्थी के वर्तमान पदस्थापित जिले का नाम**	आवेदन क्रमांक	आवेदक का नाम	**पदनाम** (सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम/सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय)	**विषय** (अंग्रेजी/विज्ञान–गणित)
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**

टीएसपी/नॉन टीएसपी	पदस्थापित विद्यालय का नाम **(शाला दर्पण पोर्टल के अनुसार)**	एनआईसी कोड	प्रथम कार्यग्रहण दिनांक	अभ्यर्थी वर्तमान में कार्यरत है या नहीं	कार्य समीक्षा उपरान्त अभ्यर्थी की सेवा सन्तोषप्रद **है या नहीं**	**विशेष विवरण**
9	**10**	**11**	**12**	**13**	**14**	**15**

प्रमाणित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्त्ता द्वारा उपरोक्त प्रेषित सूचना का मिलान कर लिया गया है तथा उक्त सूचना पूर्णरूपेण सही है।

हस्ताक्षर मय दिनांक :–
नाम :–
उप निदेशक (महात्मा गांधी प्रकोष्ठ)
संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा,
माध्यमिक शिक्षा, ... ।

Signature Not Verified

Digitally signed by Jaideep
Designation : Deputy Director
Date: 2026.02.25 17:18:41 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20745457
eSign 1.0